08/04/2024



Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

उपविषय : वचन बदलो

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज हम कक्षा तीसरी में 'वचन बदलो' के बारे में पढ़ेंगे। आपने पिछली कक्षा में भी वचन बदलो किए थे। एक बार फिर हम इन्हें समझने का प्रयास करेंगे।

बच्चो, कुछ शब्दों से उसके संख्या में एक होने का पता चलता है और कुछ शब्दों से उसके संख्या में एक से अधिक होने का पता चलता है।

वचन की परिभाषा - शब्द के जिस रूप से उसके संख्या में एक या अनेक होने का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।

एक - लड़की, बच्चा, पुस्तक, चिड़िया आदि।

अनेक - लड़कियाँ, बच्चे, पुस्तकें, चिड़ियाँ आदि।

वचन के भेद :-

वचन के दो भेद हैं :-

1. एकवचन 2. बहुवचन

1. एकवचन - जिन शब्दों से हमें उसके एक होने का पता चले उसे एकवचन कहते हैं; जैसे - तारा, मछली, पत्ता, माला आदि।

कक्षा - तीसरी विषय- हिन्दी व्याकरण

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

2. बहुवचन - जिन शब्दों से हमें उसके एक से अधिक होने का पता चले, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे - तारे, मछलियाँ, पत्ते, मालाएँ आदि।

आइए, अब कुछ एकवचन से बहुवचन शब्दों को बनाना सीखते हैं :-

| | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| 1 | चूहा | चूहे |
| 2. | पत्ता | पत्ते |
| 3. | बच्चा | बच्चे |
| 4. | बात | बातें |
| 5. | पेंसिल | पेंसिलें |
| 6. | बहन | बहनें |
| 7. | दुकान | दुकानें |
| 8. | माला | मालाएँ |

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

| | |
|---|---|
| 9. गाड़ी | गाड़ियाँ |
| 10. वस्तु | वस्तुएँ |
| 11. कमरा | कमरे |
| 12. चिड़िया | चिड़ियाँ |
| 13. गुड़िया | गुड़ियाँ |
| 14. बोतल | बोतलें |
| 15. टोपी | टोपियाँ |

गृहकार्य

सभी बच्चे ऊपर लिखे गए एकवचन तथा बहुवचन शब्दों को अपनी - अपनी हिन्दी व्याकरण की कॉपी में लिखेंगे एवं याद भी करेंगे।

धन्यवाद।

[Last Page]